# भारत के रेलवे क्षेत्रों के नाम, स्थापना वर्ष एवं उनके मुख्यालय

samanyagyan.com/hindi/gk-indian-railway-zones-and-headquarters

## भारतीय रेलवे क्षेत्र: (Indian Railways Zones in Hindi)

भारतीय रेल (आईआर) एशिया का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है तथा एकल प्रबंधनाधीन यह विश्व का दूसरा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। यह पिछले 106 वर्षों से भी अधिक समय तक भारत के परिवहन क्षेत्र का मुख्य संघटक रहा है। यह विश्व का सबसे बड़ा नियोक्ता है, इसके 13 लाख से भी अधिक कर्मचारी हैं।

## भारत में रेलों की शुरूआत:

भारत में रेलों की शुरूआत 1853 में अंग्रेजों द्वारा अपनी प्राशासनिक सुविधा के लिये की गयी थी परंतु आज भारत के ज्यादातर हिस्सों में रेलवे का जाल बिछा हुआ है और रेल, परिवहन का सस्ता और मुख्य साधन बन चुकी है। सन् 1853 में बहुत ही मामूली शुरूआत से जब पहली अप ट्रेन ने मुंबई से थाणे तक (34 कि०मी० की दूरी) की दूरी तय की थी।

## भारतीय रेलवे क्षेत्र, स्थापना वर्ष एवम उनके मुख्यालयों की सूची:-

| नाम एवं मुख्यालय | स्थापना | मण्डल |
|---|---|---|
| उत्तर रेलवे (दिल्ली) | 14 अप्रैल, 1952 | अंबाला, फिरोजपुर, लखनऊ, मुरादाबाद |
| पूर्वोत्तर रेलवे (गोरखपुर) | 1952 | इज्जत नगर, लखनऊ, वाराणसी |
| पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (गुवाहाटी) | 1958 | अलीपुर द्वार, कटिहार, लामडिंग, रंगिया, तिनसुकिया |
| पूर्व रेलवे (कोलकाता) | अप्रैल, 1952 | हावड़ा, सियालदह, आसनसोल, मालदा |
| दक्षिणपूर्व रेलवे (कोलकाता) | 1955 | आद्रा, चक्रधरपुर, खड़गपुर, राँची |
| दक्षिण मध्य रेलवे (सिकंदराबाद) | 02 अक्टूबर, 1966 | सिकंदराबाद, हैदराबाद, गुंटकल, गुंटूर, नांदेड़, विजयवाड़ा |
| दक्षिण रेलवे (चेन्नई) | 14 अप्रैल, 1951 | चेन्नई, मदुरै, पालघाट, तिरूचुरापल्ली, त्रिवेंद्रम, सलेम (कोयंबतूर) |

| | | |
|---|---|---|
| मध्य रेलवे (मुंबई) | 05 नवंबर, 1951 | मुंबई, भुसावल, पुणे, शोलापुर, नागपुर |
| पश्चिम रेलवे (मुंबई) | 05 नवंबर, 1951 | मुंबई सेंट्रल, वदोदरा, रतलाम, अहमदाबाद, राजकोट, भावनगर |
| दक्षिण पश्चिम रेलवे (हुबली) | 01 अप्रैल, 2003 | हुबली, बैंगलोर, मैसूर |
| उत्तर पश्चिम रेलवे (जयपुर) | 01 अक्टूबर, 2002 | जयपुर, अजमेर, बीकानेर, जोधपुर |
| पश्चिम मध्य रेलवे (जबलपुर) | 01 अप्रैल, 2003 | जबलपुर, भोपाल, कोटा |
| उत्तर मध्य रेलवे (इलाहाबाद) | 01 अप्रैल, 2003 | इलाहाबाद, आगरा, झांसी |
| दक्षिणपूर्व मध्य रेलवे (बिलासपुर) | 01 अप्रैल, 2003 | बिलासपुर, रायपुर, नागपुर |
| पूर्व तटीय रेलेवे (भुवनेश्वर) | 01 अप्रैल, 2003 | खुर्दा रोड, संबलपुर, विशाखापत्तनम |
| पूर्व मध्य रेलवे (हाजीपुर) | 01 अक्टूबर, 2002 | दानापुर, धनबाद, मुगलसराय, समस्तीपुर, सोनपुर |
| कोंकण रेलवे† (नवी मुंबई) | 26 जनवरी, 1998 | कोई नहीं |

इन्हें भी पढे: भारतीय इतिहास में हुई सबसे बडी रेल दुर्घटनाएंभारतीय रेलवे से सम्बंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी:

- भारतीय रेल, एशिया का सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है तथा यह विश्व का दूसरा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है।
- इस 1376000 समय इंडियन रेलवे में लाख कर्मचारी है।
- यह न केवल देश की मूल संरचनात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है बल्कि बिखरे हुए क्षेत्रों को एक साथ जोड़ने में और देश राष्ट्रीय अखंडता का भी संवर्धन करता है।
- राष्ट्रीय आपात स्थिति के दौरान आपदा ग्रस्त क्षेत्रों में राहत सामग्री पहुंचाने में भारतीय रेलवे अग्रणी रहा है।
- यह लोगों के आने जाने के लिए बड़ा ही आदर्श एवं उपयुक्त है, बड़ी मात्रा में वस्तुओं को लाने ले जाने तथा लंबी दूरी की यात्रा के लिए अत्यन्त उपयुक्त है।

- यह देश की जीवन धारा है और इसके सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए इनका महत्वपूर्ण स्थान है। सुस्थापित रेल प्रणाली देश के दूरतम स्थानों से लोगों को एक साथ मिलाती है और व्यापार करना, दृश्य दर्शन, तीर्थ और शिक्षा संभव बनाती है।
- यह जीवन स्तर सुधारती है और इस प्रकार से उद्योग और कृषि का विकासशील त्वरित करने में सहायता करता है।
- पीपावाव रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीआरसीएल) रेल परिवहन में पहला सरकारी निजी भागीदारी का मूल संरचना मॉडल है।
- दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे जो पतली गेज की एक बहुत पुरानी रेल व्यवस्था है उसे यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत घोषित किया गया है।

नीचे दिए गए प्रश्न और उत्तर प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रख कर बनाए गए हैं। यह भाग हमें सुझाव देता है कि सरकारी नौकरी की परीक्षाओं में किस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं। यह प्रश्नोत्तरी एसएससी (SSC), यूपीएससी (UPSC), रेलवे (Railway), बैंकिंग (Banking) तथा अन्य परीक्षाओं में भी लाभदायक है।

## महत्वपूर्ण प्रश्न और उत्तर (FAQs):

---

**प्रश्न**: भारतीय रेलवे की बड़ी लाइन(Broad gauge) की पटरी की चौड़ाई कितनी होती है?

**उत्तर**: 5 फिट 6 ईंच *(Exam - SSC CBI Feb, 1998)*
**प्रश्न**: रेलवे मार्ग में, दो पटरियों के एक सिरे से दूसरे सिरे तक उनके बीच में अंतराल छोड़ना क्यों आवश्यक होता है?

**उत्तर**: क्योंकि ग्रीष्म काल में होने वाली दुर्घटनाओं से रोक जा सके *(Exam - SSC CML Oct, 1999)*
**प्रश्न**: कौन-सा नगर सर्वाधिक रेलवे मण्डलों के साथ जुड़ा हुआ है?

**उत्तर**: मुम्बई *(Exam - SSC CML Oct, 1999)*
**प्रश्न**: किसी रेलवे प्लेटफार्म पर खड़ा व्यक्ति आती एवं जाती हुई रेलगाडी की सीटी की आवाज सुनाता है। उसे सीटी की आवाज-

**उत्तर**: रेलगाडी के आने पर उच्च पिच को सुनाई देगी *(Exam - SSC SOA Sep, 2001)*
**प्रश्न**: भारत में प्रथम रेलवे लाइन किसने बिछवाई थी?

**उत्तर**: जॉर्ज क्लार्क *(Exam - SSC CML May, 2002)*
**प्रश्न**: 'द ईस्ट इंडियन रेलवे कम्पनी' की स्थापना कब हूई थी?

**उत्तर**: 1844 ई0 में *(Exam - SSC CML May, 2002)*
**प्रश्न**: भारतीय रेलवे की सबसे तेज चलने वाली रेलगाड़ी है-

**उत्तर**: नई दिल्ली-मुम्बई राजधानी एक्सप्रेस *(Exam - SSC CGL May, 2003)*
**प्रश्न**: अंग्रेजो ने भारत में रेलवे किस उद्देश्य से शुरू की थी?

**उत्तर**: ब्रिटिश वाणिज्य और प्रशासनिक नियंत्रण की सुविधा के लिए *(Exam - SSC TA Mar, 2009)*
**प्रश्न**: बम्बई से थाने तक जाने वाली पहली रेलवे लाइन कब खोली गई थी?

**उत्तर**: 1853 ई0 में *(Exam - SSC SOC Jun, 2009)*
**प्रश्न**: विश्व में भारतीय रेलवे नेटवर्क की स्थिति है-

**उत्तर**: चौथी *(Exam - SSC CHSL Jun, 2011)*

**You just read:** Bharat Ke Relave Kshetron Ke Naam, Sthaapana Varsh Aur Unke Mukhyaalayon Ki Suchi